<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा के 1,500 करोड़ रुपये के बॉण्ड, 2.65 गुना अधिक सब्सक्राइब

नई दिल्ली, 21 जून 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था (इरेडा) ने आज बॉण्ड जारी करके 1500 करोड़ रुपये सफलतापूर्वक जुटाए।

इस बॉण्ड जारी करने में 500 करोड़ रुपये का बेस इश्यू और 1,000 करोड़ रुपये का ग्रीन शू ऑप्शन शामिल था, जिसे निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और यह 2.65 गुना अधिक सब्सक्राइब हुआ। यह फंड 10 साल और 2 महीने की अवधि के लिए 7.44% की वार्षिक ब्याज दर के आधार पर जुटाए गए हैं।

बॉण्ड जारी करने की सफलता पर टिप्पणी करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "हम अपने बॉण्ड जारी करने के लिए मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से खुश हैं। 2.65 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन, निवेशकों के इरेडा के विजन तथा देश में नवीकरणीय ऊर्जा विकास को गति देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति विश्वास और भरोसे को रेखांकित करता है। इस सफलतापूर्वक पूंजी जुटाने से हम हरित ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण करने के लिए अपने प्रयासों को और अधिक मजबूत कर सकेंगे, जिससे वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन स्थापित क्षमता हासिल करने के भारत के लक्ष्य में योगदान मिलेगा।"